Acharya Devvrat
Governor, Gujarat
Gandhinagar-382021

सत्यमेव जयते

आचार्य देवव्रत
राज्यपाल, गुजरात
गांधीनगर-३८२०२१

- 6 AUG 2021

संदेश

बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय राजपीपला का भूमिपूजन 9 अगस्त, 2021 'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर हो रहा है, यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है।

गुजरात सरकार के आदिजाति विकास विभाग द्वारा प्रस्थापित बिरसा मुंडा जनजाति विश्वविद्यालय, राजपीपला का विशाल केम्पस आकारित होने जा रहा है। बिरसा मुंडा विश्वविद्यालय के इस प्रस्तावित परिसर में आनेवाले दिनों में विनियन, वाणिज्य, विज्ञान, कानून, शिक्षा, जनजातीय पारंपरिक कला और शिल्प में स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसायिक और पीएचडी तक अभ्यास की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त अनुसंधान केंद्र, प्रशिक्षण केन्द्रों सहित रोजगार नियोजन केंद्र, जनजातीय उत्पादों के विपणन एवं प्रबंधन केन्द्रों को चलाने एवं विकसित करने की भी योजना बनाई गई है।

जनजातीय कला-विरासत-संस्कृति-औषधीय पद्धति, भाषा साहित्य आदि को और अधिक प्रोत्साहन देने का प्रयास कर रहा बिरसा मुंडा जनजातीय विश्वविद्यालय उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर हो, ऐसी कामना के साथ सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

(आचार्य देवव्रत)